## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने पेश किया नयी सरकार बनाने का दावा, सात जुलाई को लेंगे शपथ।
- नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने झारखंड में फिर दी दबिश, धनबाद से एक युवक को किया गिरफ्तार।
- ओड़िसा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डाक्टर विद्युत रंजन षाडंगी झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त।
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एचईसी की समस्याओं को लेकर दिल्ली में भारी उद्योग मंत्री से की मुलाकात, एचईसी के पुनरुद्धार का भरोसा।
- मौसम विभाग ने कल तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का जताया अनुमान, पांच जुलाई के बाद मानसून की सक्रियता में आ सकती है कमी।

******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन सात जुलाई को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कल राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन को अपने पद से इस्तीफा सौंपा था, इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो गया और उन्होंने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। हेमंत सोरेन ने इस साल 31 जनवरी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कुछ घंटों बाद कथित भूमि घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि हेमंत सोरेन को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने का फैसला इंडिया गठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के विधायकों की बैठक में लिया गया।

******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इंडिया विधायक दल की बैठक में हेमंत सोरेन को फिर से नेता चुने जाने की आलोचना की है। श्री मरांडी ने अपने बयान में कहा है कि चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाया जाना झामुमो के नेताओं के लिए एक सबक है। उन्होंने फिर आरोप लगाया कि झामुमो परिवारवाद से बाहर नहीं निकल पा रहा है।

******************

श्री मरांडी के बयान पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पलटवार किया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इंडिया गठबंधन के इस निर्णय से भाजपा को करारा झटका लगा है। यही कारण है कि भाजपा नेता अनाप–शनाप बयान दे रहे हैं।

******************

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को संविधान का सबसे बड़ा विरोधी बताया है। कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए श्री मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मानसिकता अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछडा वर्ग का विरोध करने की रही है।

साउंड बाइट– नरेंद्र मोदी–25 सेकेंड

******************

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम ने एक बार फिर झारखंड में अपनी दबिश दी है। सीबीआई की टीम ने धनबाद के बापूनगर से 26 वर्षीय अमन सिंह नामक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रश्न पत्र लीक मामले में अमन की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सीबीआई की टीम उसे लेकर पटना रवाना हो गयी है। टीम ने गोविंदपुर जीटी रोड में भी कोलकाता के अमित कुमार को पकड़ने के लिए छापेमारी की लेकिन वह भागने में सफल रहा।

******************

ओड़िसा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डा. विद्युत रंजन सारंगी को झारखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कानून मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। वे कल शपथ ले सकते हैं। इधर, झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चन्द्रशेखर का तबादला राजस्थान हाईकोर्ट कर दिया गया है।

******************

गढ़वा जिले में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

रांची स्थित एचईसी विभिन्न समस्याओं को लेकर रक्षा राज्य मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कल भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से मुलाकात की। इस दौरान एक संयुक्त बैठक हुई, जिसमें एचईसी के पुनरुद्धार और अन्य समस्याओं पर साकारात्मक वार्ता हुई। भारी उद्योग मंत्री ने एचईसी के पुनरुद्धार का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि इस मसले पर एक सप्ताह के भीतर समीक्षा बैठक की जायेगी। केन्द्रीय मंत्री ने जल्द ही एचईसी का दौरा करने की बात भी कही।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के जमशेदपुर निवासी सुमन प्रसाद की पेंटिंग की सराहना की है। श्री मोदी ने इस सिलसिले में प्रतिभाशाली कलाकार सुमन प्रसाद को पत्र लिखा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान जब श्री मोदी चुनाव प्रचार के लिए जमशेदपुर आये थे तो सुमन ने एक पेंटिंग उन्हें भेंट की थी। प्रधानमंत्री द्वारा पत्र लिखकर पेंटिंग की विशेष प्रशंसा करने से सुमन बेहद उत्साहित है।

******************

मौसम विभाग ने कल  तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के उतरी भाग समेत पश्चिम बंगाल से सटे इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि पांच जुलाई तक राज्य में सभी जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इसके बाद मानसून की सक्रियता में कमी आ सकती है। राज्य में पिछले तीन दिनों में अच्छी बारिश हुई है, जिससे खरीफ की खेती अच्छी होने की उम्मीद की जा रही है।

******************

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय टीम का आज सुबह दिल्ली पहुंचने पर शानदार स्वागत हुआ। क्रिकेट टीम का स्वागत के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर बडी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ जुटी और उन्होंने करतल ध्वनि के साथ उत्साह से खिलाड़ियों का स्वागत किया। मुंबई रवाना होने से पहले भारतीय दल आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात करेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि मुंबई में विजयी टीम आज शाम एक ओपन बस रोड शो में हिस्सा लेगी।

******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– हेमंत सोरेन लौटे, चंपाई का इस्तीफा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– चंपाई का इस्तीफा, हेमंत संभालेंगे सत्ता।

दैनिक भास्कर लिखता है– झारखंड में फिर हेमंत  राज, सात को शपथ

दैनिक जागरण की सुर्खी है– फिर हेमंत के सिर ताज।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा।

राष्ट्रीय नवीन मेल के शब्द हैं– चंपाई ने दिया इस्तीफा, हेमंत सात को ले सकते हैं शपथ।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के जवाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विपक्ष पर हमले की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

******************